हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025

04 पूरे नियम और सुरक्षा प्रबंधों के साथ करें आतिशबाजी...



09 भारत जल्द बनेगा विश्व की तीसरी सबसे बड़ी...





## खबर संक्षेप

### गोवर्धन पूजा पर होंगे कार्यक्रम, निर्देश जारी

**विदिशा।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने सभी कलेक्टरों को गोवर्धन पर्व 22 अक्टूबर पर आयोजित कार्यक्रमों के लिए निर्देश जारी किए हैं। जिलेभर में गोशालाओं में गोवर्धन पूजा, गोपूजन, गोग्रास कार्यक्रम, गोसेवकों का सम्मान एवं गोमय-पंचगव्य उत्पादों पर संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। पर्व धार्मिक परंपराओं व जनभावनाओं के अनुरूप मनाया जाएगा। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और आमजन को आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पुलिस ने 4 अधिकारियों को दी सम्मानपूर्ण विदाई



**विदिशा।** गुरुवार को रिवरसाइड मेडॉस में आयोजित समारोह में विदिशा पुलिस परिवार ने चार वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सेवानिवृत्ति पर सम्मानपूर्वक विदाई दी। एसपी रोहित काशवानी ने श्रीफल, शाल एवं मोमेंटो भेंट कर उनके योगदान की सराहना की। सम्मानित अधिकारियों में वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी विनोद कुमार श्रीवास्तव, उप निरीक्षक जमना प्रसाद मालवीय, सहायक उप निरीक्षक ओमप्रकाश रघुवंशी एवं रामेश्वर सिंह जाट शामिल रहे।

### पशु चिकित्सा इकाई और टीकाकरण की कोल्ड चैन का निरीक्षण

**विदिशा।** जिले में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के सत्यापन हेतु क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के विशेषज्ञ डॉ. विपिन तोमर द्वारा चलित पशु चिकित्सा इकाई (1962) योजना तथा टीकाकरण की कोल्ड चैन का निरीक्षण किया गया। इसी तारतम्य में उनके द्वारा विदिशा विकासखंड की चलित पशु चिकित्सा इकाई, जिले में विभाग द्वारा औषधि खरीदी एवं वितरण की प्रक्रिया, टीकाद्रव्य के भंडारण एवं वितरण के उपकरणों, ग्राम छापखेड़ी में पशुओं में किए गए टीकाकरण तथा ग्राम मढिया में चलित पशु चिकित्सा इकाई द्वारा किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा कर प्रतिवेदन क्यूसीआई भारत सरकार को प्रेषित किया गया। इस दौरान उपसंचालक डॉ. नरेंद्र कुमार शुक्ला, डॉ आरबी बघेल, डॉ. संजय भारतीय एवं डॉ. आकाश शुक्ला मौजूद रहे।

### नकद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी ने थाना कोतवाली में दर्ज अपराध की विभिन्न धाराओं के दो फरार आरोपी सौरभ पुत्र वीरेन्द्र यादव एवं दिव्यांश यादव उर्फ बिट्टू निवासी स्वर्णकार कॉलोनी की सूचना देने वालो को तीन-तीन हजार रुपए प्रत्येक पर नगद राशि देने की घोषणा की है।

### जिले की धरोहर को छोटे-छोटे डॉक्यूमेंट्री फिल्में तैयार कर प्रदर्शन किया जाएगा

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक में जिले की पुरातत्व धरोहरों पर पर्यटकों की रुचि बढ़ाने पर चर्चा हुई। बैठक में मॉनोग्राफ डिज़ाइन, मोबाइल एप पर सुझाव, मोटरबोट संचालन और ग्रामीण क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था पर निर्णय लिए गए। पर्यटकों को सुगमता से जानकारी उपलब्ध कराने के लिए होटल और स्थलों पर ब्रोशर व साइनबोर्ड लगाए जाएंगे। सोशल, इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया से व्यापक प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित किया जाएगा। छोटे-छोटे डॉक्यूमेंट्री फिल्में तैयार कर धरोहरों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## उदयगिरि के बागीचों में खिल उठे मेहनत के फूल



विदिशा। उदयगिरि में आधा बीघा से भी कम जगह में किसान कमलेश के परिवार ने फूलों की खेती की है और सप्ताह में दो दिन 30 से 40 किलो फूल निकलते हैं। बाजार में दाम 40 रुपए किलो चल रहे हैं।

**विदिशा।** दीपावली का त्योहार हो और फूलों की बात न हो तो त्योहार सूना है। विदिशा के उदयगिरि क्षेत्र के बागीजों में गैंदें के फूल खिल उठे हैं। यहां बड़ी संख्या में किसान खेतों में कुछ हिस्सें में फूलों की खेती करते हैं। किसान कमलेश ने बताया कि उन्होंने आधा बीघा से भी कम जगह में अच्छी क्वालिटी का गेंदा लगाया है। जिसे गणेश चतुर्थी के आसपास लगाया गया था। दो महीने में गेंदे में फूल आना शुरू हो गए हैं। उन्होंने बताया कि सप्ताह में दो दिन फूल निकलते हैं। अभी तक फूलों के भाव 40 रुपए किलो चल रहे हैं। जैसे जैसे दीपावली नजदीक आ रही है भाव 80 से 90 रु. किलो के आसपास पहुंचने की उम्मीद है। उदयगिरि में बड़ी संख्या में किसान फूलों की खेती करते हैं। दीपावली के एक दिन पहले रात को विदिशा सब्जी मंडी में भारी मात्रा में गेंदे के फूलों की आवक होती है और देर रात तक ही फूलों की बिक्री हो जाती है। यही फूल सुबह बाजार में आता है।

### तोपपुरा लूटकांड का कोतवाली पुलिस ने खुलासा किया

# 60 साल की बुजुर्ग ने रची लूट की झूठी कहानी कुछ जेवर पड़ोसी के घर में छिपाए, कुछ बिकवाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कोतवाली पुलिस ने तोपपुरा क्षेत्र में दर्ज हुए चर्चित लूट कांड का खुलासा करते हुए बड़ा खुलासा किया है। जांच में सामने आया कि फरियादिया ने स्वयं ही झूठी लूट की कहानी रची थी। पुलिस की सतर्क विवेचना और तकनीकी जांच से सच सामने आया और 15 लाख मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात बरामद कर लिए गए।

29 सितंबर को फरियादिया गीता चौकसे पति विशनलाल चौकसे, उम्र 60 वर्ष निवासी तोपपुरा ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दो अज्ञात व्यक्ति घर में घुसकर बंदूक की नोक पर सोने-चांदी के जेवर लूट ले गए। इस रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू की। जांच में पुलिस को फरियादिया के बयानों में बार-बार विरोधाभास मिला। घटना स्थल का निरीक्षण, सीसीटीवी फुटेज की जांच, फिंगरप्रिंट टीम और डॉग स्क्वायड की मदद से मिली जानकारी तथा पड़ोसियों से पूछताछ के बाद मामला संदिग्ध नजर आया। फरियादिया से लगातार पूछताछ करने पर उसने स्वीकार किया कि लूट की घटना झूठी थी और उसने स्वयं ही यह कहानी गढ़ी थी।



विदिशा। एसपी रोहित काशवानी ने प्रेसवर्ता कर लूट की झूठी घटना की कहानी को उजागर किया।

#### ज्वेलर को बेचे जेवर बेटे ने सुनार से खरीदकर पुलिस को सौंपे

पूछताछ में गीता चौकसे ने बताया कि उसने लूट के कथित जेवरातों में से कुछ वस्तुएं एक बटुए में रखकर अपनी पड़ोसी कांता सेन के घर के पीछे छिपा दी थीं। बाद में कांता सेन के माध्यम से फरियादिया के पुत्र नीलेश चौकसे द्वारा वे जेवर थाने में प्रस्तुत किए गए। आगे की पूछताछ में फरियादिया ने बताया कि शेष चांदी की वस्तुएं उसने पिंकी कुशवाह के माध्यम से बेच दी थीं, जिन्हें उसके पुत्र ने ज्वेलर से पुनः खरीदकर पुलिस को सौंप दिया।

पुलिस द्वारा बरामद की गई वस्तुओं की कुल कीमत लगभग 15 लाख आंकी गई है। बरामद वस्तुओं में 1 सोने का मंगलसूत्र, 1 जोड़ी झुमकी, 1 जोड़ी कान के फूल, 1 जोड़ी टॉप्स, 3 सोने की अंगूठियाँ, 4 चांदी की चूड़ियाँ, 1 कड़ा, 2 जोड़ी पायल, 1 ताबीज, 3 बिछुड़ी, 1 मोती वाली चैन, 12 छोटे-बड़े सिक्के, 2 गिलास (बड़ा-छोटा), 1 चम्मच, 1 झालरदार करधनी, 1 जोड़ी आयल, 8 लच्छे और 4 बताने शामिल हैं।



#### इधर 4.90 लाख के सोने-चांदी के आभूषण बरामद

थाना मुगलसराय पुलिस ने चोरी के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 4.90 लाख मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। थाना मुगलसराय क्षेत्र के रायसाहब टपरा निवासी ललिताबाई नायक ने 11 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 10 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। थाना प्रभारी लक्ष्मण डाबर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान 35 वर्षीय अमर सिंह उर्फ मोटा बंजारा और निरंजन यादव (सारंगपुर, सिरोंज थाना क्षेत्र निवासी) के रूप में हुई। पुलिस ने इनके कब्जे से लगभग 2 किलो चांदी और 1 तौला सोना बरामद किया है।

## जिपं अध्यक्ष के प्रयास से अहमदपुर मार्ग की मरम्मत का काम शुरू



विदिशा। अहमदपुर मार्ग की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अहमदपुर मार्ग की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने एमपीआरडीसी के अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। रघुवंशी ने बताया कि एमपीआरडीसी ने पूर्व में पत्र के माध्यम से सूचना दी थी कि मरम्मत कार्य 15 दिनों के भीतर प्रारंभ होगा, और अब यह कार्य वास्तविक रूप से शुरू हो चुका है।



जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सड़क मरम्मत का यह कार्य नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा है और इससे क्षेत्रवासियों की आवाजाही आसान होगी। साथ ही उन्होंने एमपीआरडीसी के अधिकारियों की तत्परता और सहयोग की प्रशंसा की। इसके अतिरिक्त रघुवंशी ने नए सड़क निर्माण के लिए भी पहल की है। उन्होंने संबंधित फाइलों को शीघ्र ही वित्त विभाग से स्वीकृति के लिए दिल्ली एडीबी को भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सड़क निर्माण परियोजनाओं में पारदर्शिता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। जिला प्रशासन और एमपीआरडीसी के सहयोग से अहमदपुर क्षेत्र में सड़क ढांचागत सुधार की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण साबित होगा और स्थानीय लोगों की समस्याओं का स्थायी समाधान प्रदान करेगा।

## रैकी कर किसान की गाड़ी से एक लाख 10 हजार रुपए किए गायब

**विदिशा।** गुरुवार की दोपहर में शहर के बंटीनगर चौराहे के पास मृगावली गांव के किसान धर्मेंद्र दांगी की गाड़ी की डिग्गी में रखे 1 लाख 10 हजार रुपए चोरों ने उड़ा लिए।

किसान ने दोपहर में गल्ला मंडी में सोयाबीन बेचा। पैसे लेकर झोले में रखकर अपनी गाड़ी की डिग्गी में रखे। दोपहर 2 बजे वह बंटीनगर चौराह पहुंचे और बोवनी के लिए गेहूं खरीदने एक दुकान पर बात करने लगे। तभी कुछ समय के लिए उनकी नजर गाड़ी से हटी तो एक युवक ने उनकी गाड़ी की डिग्गी खोलकर झोला निकाल लिया। सीसीटीवी फुटेज में यह घटना कैद हुई है।

कैमरे में तीन युवक उनकी रैकी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों युवक साइन गाड़ी पर बैठकर पीतलमिल चौराहे की तरफ भाग जाते हैं। अपने साथ हुई इस वारदात की रिपोर्ट किसान ने थाने में की है।

## खाद वितरण और नरवाई जलाने वालों पर प्रशासन की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर प्रशासनिक अमला पूरी सक्रियता के साथ क्षेत्र भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा ले रहा है। राजस्व विभाग एवं संबंधित विभागों की संयुक्त टीमें खाद वितरण, नरवाई प्रबंधन, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच, पटाखा दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था तथा पेट्रोल पंप निरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों पर सतत निगरानी रख रही हैं। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की कुल 34 खाद्य सोसायटियों में पटवारियों की ड्यूटी लगाई गई है। तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार लगातार निरीक्षण कर रहे हैं।

#### नरवाई जलाने पर किसान पर जुर्माना

नरवाई प्रबंधन हेतु राजस्व एवं कृषि विभाग के संयुक्त शिविरों में ग्रामवासियों को नरवाई न जलाने की समझाइश दी जा रही है। ग्राम स्तर पर पटवारी एवं कोटवारों की ड्यूटी लगाई गई है। बुधवार 15 अक्टूबर को ग्राम खामखेड़ा और पिपरिया अजीत में सोयाबीन कटाई के बाद खेत जलाने वाले किसान पर जुर्माना लगाया गया है। दीपावली को देखते हुए राजस्व, खाद्य सुरक्षा एवं नापतौल विभाग की संयुक्त टीम ने 14 और 15 अक्टूबर को रामजी स्वीट्स, बृज स्वीट्स, गोपाल स्वीट्स और राजस्थान स्वीट्स से मावा एवं मिठाइयों के नमूने जांच के लिए लिए गए हैं। दुकानों की स्वच्छता, पैकिंग और एक्सपायरी डेट की भी जांच की गई। दुकानदारों को दस्ताने, मास्क और हेडकैप का उपयोग अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए। नायब तहसीलदार निधि लोधी और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मिताली मेहरा की टीम ने 6 प्रतिष्ठानों से 7 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। नपा की टीम ने पटाखा बाजार में व्यापारियों को उचित दूरी पर दुकाने लगाने निर्देश दिए हैं।

## बिना लाइसेंस पटाखा बेच रहे 11 लोगों को पकड़ा

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर दीपावली के मद्देनजर जिले की सभी तहसीलों में पटाखा दुकानों की जांच की गई। सुरक्षा मानकों, लाइसेंस और अग्नि सुरक्षा उपकरणों की जांच के दौरान कई अनियमितताएं पाई गईं। सिरोंज में एक मकान से अवैध रूप से रखे गए 11 कार्टून पटाखे जब्त किए गए। बासौदा में तीन व्यापारियों पर कार्रवाई करते हुए दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर बीएनएस व विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं, नटेरन में बिना लाइसेंस पटाखा बेच रहे 11 व्यक्तियों को पकड़कर अवैध सामग्री जब्त की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी दुकानदार सुरक्षा मानकों का पालन करें, अनुमत समय में ही विक्रय करें और प्रतिबंधित पटाखे न बेचें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग पर कार्रवाई

## जिले में 14 दुकानों से 19 घरेलू गैस सिलेंडर और भट्टियां जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध व्यवसायिक उपयोग पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। लटेरी एसडीएम अंजना एक्का के नेतृत्व में विभिन्न सार्वजनिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में शर्मा मिष्ठान भंडार, गुरुकृपा भोजनालय, पंचवटी रेस्टोरेंट और जीजा नाश्ता कार्नर जैसे प्रतिष्ठानों से कुल पांच घरेलू गैस सिलेण्डर और भट्टियां जब्त की गईं। इसी तरह विदिशा अनुविभाग क्षेत्र में 5 प्रतिष्ठानों से 7 घरेलू गैस टंकी और 5 भट्टियां जब्त की गईं।

कुरवाई अनुविभाग क्षेत्र में खाद्य विभाग के अधिकारियों ने लोधी टी स्टॉल, हरि रेस्टोरेंट, अग्रवाल स्वीट्स, बिलाल अहमद की होटल और स्टूडेंट टी स्टॉल सहित पांच प्रतिष्ठानों से सात गैस टंकी व भट्टियां जब्त कीं। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि जिले में कुल 14 प्रतिष्ठानों से 19 घरेलू गैस सिलेंडर और भट्टियां जब्त की गई हैं।

### 18 अक्टूबर शनिवार को मनाई जाएगी धनतेरस, जानिए शुभ मुहूर्त और महत्व

# धनतेरस पर खरीदी गई वस्तुएं घर में लाती हैं समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाने वाला धनतेरस का त्योहार इस वर्ष 18 अक्टूबर शनिवार को मनाया जाएगा। यह पर्व दीपावली महोत्सव का पहला दिन होता है और इसी दिन से दीपों के त्योहार की शुरुआत होती है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान भगवान धनवंतरी अमृत कलश के साथ प्रकट हुए थे। उनके हाथों में अमृत से भरा कलश था, इसलिए इस तिथि को धन त्रयोदशी या धनतेरस कहा जाता है। भगवान धनवंतरी के




प्रकट होने की स्मृति में इस दिन चांदी के बर्तन खरीदने की परंपरा चली आ रही है।

पं विनोद शास्त्री ने बताया कि धनतेरस पर खरीदी गई वस्तुएं घर में सुख-समृद्धि और वैभव लाती हैं। इस दिन की गई खरीदारी से आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। पंडित शास्त्री के अनुसार सोना, चांदी, बर्तन, बही-खाते, कलम-दवात और अन्य शुभ वस्तुओं की खरीदारी करना अत्यंत शुभ माना जाता है।

> धनतेरस यमराज से संबंधित व्रत का दिन भी है। इस दिन दक्षिणाभिमुख दीपदान कर परिवार की रक्षा की कामना की जाती है।

#### धनतेरस के शुभ मुहूर्त और चौघड़िया

प्रातः 7:46 से 9:16 तक शुभ चौघड़िया
12:11 से 1:30 तक चर चौघड़िया
1:30 से 3:00 तक लाभ चौघड़िया
3:00 से 4:16 तक अमृत चौघड़िया
शाम 6:00 से 7:30 तक लाभ चौघड़िया
रात्रि 9:00 से 12:00 तक शुभ-अमृत चौघड़िया, **अभिजीत मुहूर्तः** 11:48 से 12:38 तक।

**स्थिर लग्न**

वृश्चिक लग्न – 8:32 से 10:48 तक
कुंभ लग्न – 2:40 से 4:12 तक
वृषभ लग्न – 7:23 से 9:21 तक
**गोधूलि बेलाः** शाम 5:30 से 7:00 तक

#### लोकमान्यताएं और परंपराएं

लोकमान्यता के अनुसार धनतेरस के दिन खरीदे गए धन और वस्तुओं में 13 गुना वृद्धि होती है। इस दिन खड़ा धनिया खरीदना भी शुभ माना गया है। शाम के समय घर के मुख्य द्वार पर यमराज के लिए दीपदान करने की परंपरा है। शास्त्रों में वर्णन है कि धनतेरस यमराज से संबंधित व्रत का दिन भी है। इस दिन दक्षिणाभिमुख दीपदान कर परिवार की रक्षा की कामना की जाती है। धर्मग्रंथों में यह भी उल्लेख है कि यमुना जी यमराज की बहन हैं, इसलिए इस दिन यमुना स्नान और दीपदान का महत्व है।

### प्रतिबंधित व अवमानक दवाइयों पर कार्रवाई तेज

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले में औषधि निरीक्षक द्वारा मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया। छिंदवाड़ा में कफ सीरप से हुई बच्चों की मौत के बाद प्रतिबंधित एवं अवमानक दवाओं की जांच युद्धस्तर पर जारी है। जांच में रेस्पीफ्रेश टीआर 60 एमएल (बैच RO1GL2523) और रिलीफ सिरप 60 एमएल (बैच LSL25160) अवमानक पाई गईं। एसडी फार्मा, नेहा सेल्स एजेंसी, नेमा मेडिकल स्टोर सिरोंज और सांवरी मेडिकल एजेंसी गंजबासौदा से मिले कुल 499 दवाओं के स्टॉक को तत्काल प्रभाव से फ्रीज किया गया। 8 नमूने विश्लेषण हेतु भोपाल प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-4800
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6575
चना
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-5682
मसूर
न्यूनतम भाव-3960
उच्चतम भाव-8700
मक्का
न्यूनतम भाव-900
उच्चतम भाव- 1700
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव- 3600
धान
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव- 2825
मूंग
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3000
बटरी
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3000
धनिया
न्यूनतम भाव-6100
उच्चतम भाव-6400
गेंहू
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-3200
अलसी
न्यूनतम भाव-6720
उच्चतम भाव-6720

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 19547 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

# जिला स्तरीय मिनी गोल्फ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आचार्य विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को जिला स्तरीय मिनी गोल्फ प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ आचार्य विद्या वैली स्कूल के डायरेक्टर प्रणय जैन, मुख्य अतिथि नवांकुर विद्यापीठ के प्राचार्य शैलेंद्र दीक्षित द्वारा रिबन काटकर किया गया। विशेष अतिथि के रूप में प्राइवेट स्कूल संघ के अध्यक्ष नीलेश चतुर्वेदी, डॉल्फिन स्कूल के प्राचार्य संदीप जेटली उपस्थित थे। प्रतियोगिता में प्रणय जैन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हमारे विद्या वैली से 26 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। गत वर्ष भी हमारे विद्यालय से खिलाडियों ने संभाग एवं स्टेट के बाद नेशनल तक पहुंच कर विद्यालय का नाम रोशन किया था। सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगलमय कामनाएं की गईं। मुख्य अतिथि शैलेंद्र दीक्षित ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि



परीक्षा में अंक अच्छे प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है खेल की विभिन्न विधाओं में अच्छा प्रदर्शन कर भी आप अपना भविष्य बना सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर अशोक जैन, पंकज जैन, सत्येंद्र सिंह राजपूत सहित अन्य विद्यालयों के छात्रों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान नीलेश चतुर्वेदी ने भी सभी सहभागी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना प्रदान की।

## दूषित मावा,कोल्ड ड्रिंक्स नष्ट कराई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को नपा अमले द्वारा नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं सीएमओ के निर्देश पर जांच अभियान चलाते हुए नगर में संचालित बेकरी दुकानों पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। इस दौरान मावा विक्रय दुकानों पर जांच की गई। जांच के दौरान अनेक दुकानों पर एक्सपायरी डेट की सामग्री मिली, कुछ दुकानों पर बिस्किट चिप्स, मूंगफली, आलू से बने हुए मावा, कोल्डड्रिंक को जब्त कर दुकानदारों के समक्ष नष्ट कराया गया तथा उन दुकानदारों पर 500-500 रुपए स्पॉट फाइन अधिरोपित किया गया। जांच के दौरान लगभग 70 पैकेट खाद्य सामग्री के जब्त किए गए जिन्हे नष्ट भी कराया गया।

## एसडीईएम सहित अधिकारियों ने किया पटाखा बाजार का निरीक्षण

# पूरे नियम और सुरक्षा प्रबंधों के साथ करें आतिशबाजी विक्रय:प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को एसडीएम, तहसीलदार, सांसद प्रतिनिधि एवं सिटी थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से मेला ग्राउंड बस स्टैंड पहुंचकर वहां लगी पटाखा की दुकानों का निरीक्षण करते हुए दुकानदारों को सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक जानकारियां दी। इस मौके पर सभी दुकानदारों से अपनी अपनी दुकानों पर फायर सेफ्टी रखने पर जोर दिया गया।

एसडीएम संतोष बिटोलिया ने दुकानदारों से कहा कि वह अपनी अपनी दुकान का नंबर और लाइसेंसधारी का नाम एक बोर्ड पर अंकित करें। ताकि दुकान की पहचान हो सके। दुकानों पर अगरबत्ती, दीया, माचिस इत्यादि ज्वलनशील वस्तुएं या सामग्री ना





रखें। निरीक्षण के समय तहसीलदार अरविंद यादव ने दुकानदारों को समझाईश देते हुए कहा कि बाजार से फायर सेफ्टी लाकर अपनी दुकान पर रखें, साथ ही दुकानों पर पानी्र, रेत भी भरकर रखें। ताकि जरूरत पड़ने पर दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने पटाखा बाजार में किसी भी तरह के वाहनों की आवाजाही पर पूर्णत प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि जिन आतिशबाजी लायसेंसधारियों ने कूपन या अपनी पर्ची निकाली है वहीं लायसेंसधारी दुकानदार पटाखा दुकान संचालित करें ऐसा न होने की स्थिति में जांच कर कार्रवाई की जाएगी। सिटी थाना प्रभारी संजय बेदिया ने भी पिछले दिनों आतिशबाजी के कारण हुई दुर्घटनाओं के उदाहरण देते हुए पटाखा दुकानदारों को पूरी सावधानी बरतकर अपना व्यवसाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए खड़ी है। इस अवसर पर व्यापार महासंघ के पूर्व अध्यक्ष मनोज डागा, व्यवसाई मनोज गुप्ता, अमित शर्मा डेजी भाई, धर्मेंद्र जैन, नीरेन्द्र डे सहित अन्य नगरपालिका कर्मचारी मौजूद रहे। ज्ञात हो कि विगत दिनों नगर में पटाखा गोदाम में आगजनी की घटना होने के बाद प्रशासन द्वारा सावधानी बरती जा रही है।

## कनक बुंदेलखंड प्रतिभा सम्मान समारोह में आवार्ड से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पंकज आरती रैकवार की पुत्री कनक रैकवार को विगत दिनों सागर में उपनगरीय विकास एवं सांस्कृतिक समिति सागर द्वारा आयोजित बुंदेलखंड प्रतिभा सम्मान समारोह में बुंदेली क्रिएटर अवार्ड से सम्मानित किया गया। नगर की बेटी कनक रैकवार विदिशा एसएसएल जैन कॉलेज से बीकॉम एलएलबी की छात्रा हैं और इन्हें हाल ही में बुंदेली क्रिएटर अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। कनक रैकवार को बुंदेली संस्कृति, कला और प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह सम्मान प्रदान किया गया है। कनक रैकवार विगत तीन वर्षों से विभिन्न विषयों पर अपने कनक नामक पेज के माध्यम से रील बनाकर, अपने पेज के माध्यम से अपनी रचनात्मकता प्रस्तुत कर रही हैं। उन्हें मिला यह अवॉर्ड नगर के लिए भी सम्मान की बात है। कनक रैकवार को इस अवार्ड से सम्मानित होने पर उनके प्रशंसकों और उनके परिवार के सदस्यों, परिचितों, रिस्तेदारों व मित्रों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

कनक रैकवार का कहना है कि उन्होंने देश-विदेश एवं धर्म और संस्कृति व सनातन धर्म को महत्व देते हुए, रील बनाकर अपने साथ साथ अपने नगर व परिवार का नाम रोशन करने की कोशिश की है।

## खबर संक्षेप

### मृतक की हुई शिनाख्त

**गंजबासौदा।** गत दिवस स्थानीय रेल्वे स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। जिसकी उम्र लगभग 50 वर्ष के आसपास थी जो क्रीम रंग की शर्ट, काला पेंट पहने हुए था। सीसी टीवी कैमरे की जांच उपरांत पाया गया कि व्यक्ति को अचानक झटके आए और वह गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। उक्त अधेड़ की शिनाख्त मॉडल पब्लिक स्कूल के पीछे रहने वाले कल्लू पुत्र बाबू लाल अहिरवार ठेकेदार के रुप में हो गई। अधेड़ अपने घर से रविवार को होशंगाबाद जाने की कहकर निकले थे। जिनकी घर के लोग उसी दिन से खोजबीन कर रहे थे, मोबाइल पर संपर्क करने पर मोबाइल बंद आ रहा था। दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र प्रतिनिधि द्वारा प्रयास किए जाने पर मृतक के परिजनों से संपर्क हो सका और शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

### अज्ञात कारणों के चलते लगाई फांसी

**गंजबासौदा।** गुरुवार को वार्ड नं 6 आदित्य परिसर के पीछे रहने वाले आशीष शर्मा उम्र 35 वर्ष ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने पंचनामा बनाकर तथा मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## किसानों के मनमाने ढंग से वाहन खड़े करने से लग रहा जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एक ओर जहां नगरपालिका द्वारा नगर को साफ, सुथरा और व्यवस्थित यातायात के लिए मुख्य मार्ग त्योंदा रोड, बरेठ रोड पर सीमेंट के डिवाइडर लगाए जा रहे हैं जिससे वाहन दुर्घटनाओं में कमी आए और जाम की स्थिति निर्मित न हो। वहीं दूसरी ओर इन दिनों किसानों द्वारा अपनी कृषि उपज मण्डी में विक्रय करने के बाद दीपावली के त्यौहार के चलते नगर में खरीददारी की जा रही है। जिसके चलते त्योंदा रोड और बरेठ रोड पर अनेक किसान अपने ट्रेक्टर, ट्राली सड़क किनारे खड़े कर खरीददारी करने में लग जाते हैं। जिससे मार्ग संकरा हो जाने के कारण यातायात अवरूद्ध हो रहा है। गुरुवार को शाम के समय कई किसान बरेठ रोड पर अपने वाहन सड़क पर खड़े कर खरीददारी करने चले गए। जिससे बरेठ रोड पर कुमुद पैलेस के आगे एवं कालाबाग क्षेत्र में जाम लग गया। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर दो पहिया, चार पहिया, ट्रक, बस सहित अन्य वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गईं। ट्रेक्टर, ट्राली के पीछे खड़े वाहन चालक ट्रेक्टर चालक के आने का इंतजार करते रहे। नागरिकों ने यातायात पुलिस से ऐसे वाहन चालकों पर जुर्माने की कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## सुभद्रा शर्मा की छात्राओं ने लहराया जिले में परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को जिला स्तरीय महिला योग प्रतियोगिता का आयोजन क्रीड़ा विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षा नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रीति रानी श्रीवास्तव जन भागीदारी अध्यक्ष तथा विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी कांति भाई शाह उपस्थित थे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति द्वारा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुये बताया गया कि योग ही स्वस्थ जीवन का आधार है। नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा अपने उद्बोधन में योग को अपने दैनिक जीवन में अंगीकृत कर निरोग रहने का संदेश दिया गया। प्रीति रानी श्रीवास्तव ने योग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को खेल भावना से सहभागिता करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कांति भाई शाह ने योग का संदेश देते हुये वर्तमान भौतिकतावादी जीवनशैली की विकृतियों से दूर रहकर स्वस्थ रहने की सलाह दी। शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार द्वारा योग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को स्पष्ट करते हुए अष्टांग सूत्र के माध्यम से स्वयं का साक्षात्कार कर अहम से दूर रहने का संदेश दिया।

इस जिला स्तरीय महिला योग प्रतियोगिता में जिले की चार टीमें राजमाता विजय राजे सिंधिया अग्रणी महाविद्यालय, लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय ने सहभागिता की। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. प्रद्न्या करन्दीकर द्वारा प्रतिभागी टीमों को नियमों से अवगत कराते हुये प्रतियोगिता प्रारंभ कराई गई। बृजेन्द्र लड़िया एवं डॉ. महादेवी चतुर्वेदी द्वारा निर्णायक की भूमिका का निर्वहन करते हुये सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय दल सेजल रघुवंशी, सुहानी रघुवंशी, जूही राजपूत, अंजलि अहिरवार, मोनिका अहिरवार, लक्ष्मी कुशवाह को विजेता एवं शासकीय संजय गाँधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय को उप-विजेता घोषित किया गया। प्राचार्य द्वारा विजेता टीमों को अगले स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं देते हुए सभी की उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का संचालन स्वीटी नरवरिया एवं नंदिनी विश्वाकर्मा ने किया। इस दौरान अभिषेक सिंह क्रीड़ा नोडल अधिकारी, मनीष अहिरवार द्वारा प्रतिभागियों का मार्ग दर्शन किया गया।

## नपाध्यक्ष की उपस्थिति में हुआ पटाखा दुकानों का आवंटन



**गंजबासौदा।** नगर पालिका परिषद द्वारा नवीन मेला ग्राउंड पर आतिशबाजी के लिए दुकानों के स्थान का आवंटन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, वार्ड पार्षद मनीष विश्वकर्मा, नीलू चौबे, ज्योति शर्मा मुख्य रुप से मौजूद रहीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु, दुकानदार उपस्थित रहे। नपा के अमित शर्मा डेजी ने बताया कि 279 लायसेंसधारियों के लिए इतनी ही दुकानों का आवंटन किया गया है। पटाखा बाजार में सुरक्षा के लिए दो दमकल, पानी के टैंकर रखे जाएंगे। साथ ही मंच पर कैंप भी रहेगा, जिसमें पुलिस और नपाकर्मी तैनात रहेंगे। साथ ही दुकानदारों को अपनी दुकानों में पानी, रेत, अग्निशमन यंत्र रखने के लिए भी निर्देशित किया गया है, ताकि किसी तरह की दुर्घटना न हो सके।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ विद्यार्थियों का चयन

# खो-खो प्रतियोगिता में दो खिलाड़ी चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हाल ही में सारंगपुर राजगढ़ में आयोजित संभाग स्तरीय अंडर 17 बालक-बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेंडरी स्कूल के दो खिलाड़ियों का राज्य स्तर के लिए चयन किया गया है। राज्य स्तर पर चयनित दोनों खिलाड़ियों का विद्यालय में सम्मान किया गया। मालूम हो कि 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता अंतर्गत अंडर 17 की टीम का चयन सारंगपुर में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में किया गया। जिसमें संस्था के नमन साहू कक्षा 10 एवं याशिका रघुवंशी कक्षा 11 का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। यह दोनों ही खिलाड़ी 24 से 27 अक्टूबर सारंगपुर राजगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होंगे। संस्था में संस्था डायरेक्टर केएस यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर सुधा यादव, काउंसलर संघमित्रा यादव, प्राचार्य उमेशचंद्र यादव, कोऑर्डिनेटर प्रियंका अग्रवाल, उप प्राचार्य रजनी गुप्ता, खेल अधिकारी कपिल गौड़, एनएसएस बालक इकाई प्रभारी कृष्णपाल सिंह चौहान, डॉक्टर विजय कुमार जैन, डॉक्टर अमर सिंह ठाकुर, डॉक्टर कमला चतुर्वेदी, दीपेश मीणा, हेमलता शर्मा, सोनू राय, विक्रम सिंह, गजेन्द्र दांगी सहित शिक्षक परिवार ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर दोनों बच्चों को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं।

## फल, सब्जियों को नंदी शाला में भेजा गया



**गंजबासौदा।** गुरुवार को सब्जी मंडी एवं फल मंडी तथा बाजार से एकत्रित फल एवं सब्जियों को नगर पालिका की नंदी शाला में नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि प्रकाश के आदेश पर भेजा गया। इस दौरान कई क्विंटल फल, सब्जी नगरपालिका के वाहनों से नंदी शाला पहुंचाई गई। जिन्हे नंदी शाला में मौजूद पशुओं को खिलाया गया।

### हल्की बूंदाबांदी हुई

**गंजबासौदा।** गुरुवार को सुबह से धूप निकलने के बाद दोपहर बाद मौसम में अचानक परिवर्तन आया और आसमान में बादल छाए और कुछ देर के लिए हल्की बूंदाबांदी हुई। ज्ञात हो कि किसानों की खरीफ फसलें कटी हुई खेतों में पड़ी हुई हैं, आसमान में बादल छाने से बारिश होने के डर से किसान चिंतित हैं।

## विद्यार्थियों ने सीखे आपदा के दौरान बचाव के गुर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ विदिशा मयंक कुमार जैन के मार्गदर्शन में गुरुवार को स्कॉलर पब्लिक हाई सेकेंडरी स्कूल में एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड के जवानों द्वारा आपदा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लगभग 250 छात्र-छात्राओं को भूकंप, आग, बाढ़, सड़क दुर्घटना, सर्पदंश, बिजली गिरने जैसी विभिन्न प्रकार की आपदाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

साथ ही विद्यार्थियों को आपदा के समय बचाव की तकनीकें सिखाई गईं, जिनमें आग लगने पर सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया, भूकंप के दौरान ड्रॉप, कवर एंड होल्ड तकनीक, बाढ़ की स्थिति में सुरक्षित स्थान पर पहुंचने एवं राहत दल से संपर्क बनाए रखने की विधि, डूबने वाले व्यक्ति को बचाने और स्वयं को सुरक्षित रखने की तकनीक, सर्पदंश के बाद क्या करें और क्या न करें की जानकारी, विद्युत करंट लगने पर प्राथमिक उपचार की विधि तथा सीपीआर का लाइव प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आपदाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना, आत्मरक्षा कौशल विकसित करना तथा संकट की स्थिति में सही निर्णय लेने की क्षमता का विकास करना रहा। कार्यशाला में कमल वर्मा, संदीप, सौरभ पचौरी, रामबाबू यादव, राजेश, मनीष तिवारी, राकेश साहू, जगदीश प्रसाद मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ टीम का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस दौरान समस्त विद्यालयीन स्टॉफ एवं अनेक छात्र, छात्राएं मौजूद रहे।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत सागर में प्रबुद्धजन सम्मेलन संपन्न

# भारत जल्द बनेगा विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्तिः उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत सागर विधानसभा में गुरुवार को प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया गया। भाजपा कार्यालय, अम्बेडकर वार्ड, धर्मश्री में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, प्रबुद्धजन, व्यापारी वर्ग एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि "आज पूरा भारत निरंतर प्रगति की राह पर अग्रसर है। पूरा विश्व जानता है कि भारत बहुत जल्द तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनने जा रहा है। हम जापान को पीछे छोड़ चौथे नंबर पर आ चुके हैं और शीघ्र ही जर्मनी को भी पीछे छोड़ देंगे। इसके बाद हम सिर्फ अमेरिका और चीन से पीछे रहेंगे" उन्होंने आगे कहा कि भारत अब न केवल आर्थिक रूप से बल्कि रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बन रहा है। "ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने न केवल युद्ध में पाकिस्तान को पराजित किया, बल्कि अपने स्वदेशी हथियारों की क्षमता का प्रदर्शन कर पूरी दुनिया को दिखा दिया कि भारत आज रक्षा निर्माण में भी अग्रणी राष्ट्र है। आज भारतीय हथियारों की विश्वभर में मांग बढ़ रही है।"

राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहा "वोकल फॉर लोकल" अभियान आत्मनिर्भर भारत की नींव है, जब हर भारतीय स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएगा, तभी सच्चे अर्थों में भारत आत्मनिर्भर बनेगा। स्वावलंबन की यह भावना ही आने वाले भारत की पहचान होगी।

अध्यक्षता कर रहे विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि भारत आज आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है,"वर्ष 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद संभाला था, तब भारत रक्षा और आर्थिक दोनों क्षेत्रों में विश्व में 11वें स्थान पर था। आज हम चौथे स्थान पर हैं यह परिवर्तन स्वदेशी भावना और आत्मनिर्भर भारत की नीति के कारण संभव हुआ है।" उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता देश है"यदि हम अपने ही बनाए उत्पादों का उपभोग करने लगें, तो हमें किसी अन्य देश पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं होगी। अमेरिका या कोई भी देश टैरिफ लगा ले, भारत अपनी क्षमता से आगे बढ़ेगा। यही आत्मनिर्भर भारत का वास्तविक स्वरूप है।"

# लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा पर राष्ट्रीय वेबीनार संपन्न

## विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान के विविध वैज्ञानिक आयामों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का भव्य आयोजन किया गया। इस वेबीनार का प्रमुख विषय ‟भारतीय ज्ञान परंपरा‟ रहा, जिसमें देश भर के विषय विशेषज्ञों एवं विद्वानों ने भाग लिया और अपने बहुमूल्य शोध पत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रोफेसर सीताराम तिवारी के स्वागत भाषण से हुआ। संचालक भोपाल संभाग डॉ. मथुरा प्रसाद ने मार्गदर्शन प्रदान किया एवं आयोजन की सराहना की। राजमाता विजय राजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा के प्राचार्य व कार्यक्रम संरक्षक डॉ. बी. डी. अहिरवार ने अपने संबोधन में भारतीय ज्ञान के बहुआयामी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लालचंद राजपूत ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विशेषज्ञ वक्ताओं में डॉ. रत्नेश तिवारी (प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, भौतिक शास्त्र, डॉ. सी. वी. रमन यूनिवर्सिटी, बिलासपुर) ने ‟भारतीय ज्ञान और आधुनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अंतर संबंध‟ विषय पर व्याख्यान दिया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पवन सिंह गुर्जर (आईसीएआर-सीआईएएच, बीकानेर) ने कृषि एवं वानिकी विषय के भारतीय अनुप्रयोग‟ पर




प्रकाश डाला। विशेषज्ञ व्याख्यानों के उपरांत देशभर के लगभग 25 शोध वाचकों ने विविध विषयों पर शोध पत्रों का वाचन कर भारतीय ज्ञान परंपरा के वैज्ञानिक पहलुओं को विस्तार से प्रस्तुत किया। संयोजक डॉ. समृथ निनामा एवं सहसंयोजक डॉ. अभिषेक चौहान ने आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सलाहकार समिति संयोजक सीताराम तिवारी, अनामिका ठाकुर एवं सीएस मौर्य समेत समूचे महाविद्यालय परिवार को उत्कृष्ट आयोजन के लिए विशेषज्ञों द्वारा शुभकामनाएं दी गईं। आयोजन समिति में डॉ. रूबी ताम्रकार, प्रोफेसर निधि मसीह, डॉ. कल्पना पंचोली सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया। तकनीकी समिति में प्रोफेसर संघप्रिय गौतम व वीरेंद्र सेन ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। सम्पादन समिति में डॉ. सोनिया पटेल एवं डॉ. शिवकुमार यादव को प्रकाशन की जिम्मेदारी दी। शोध पत्र वाचन की श्रृंखला को सफलतापूर्वक संचालित करने में डॉ. चमका गेहलोद, महेश चंद परमार, डॉ. सैयद उरूज अहमद, डॉ. वसीम उल्ला खान, डॉ. शाकिर खान, डॉ. नारायण दास साहू, डॉ. अवधेश पांडे, डॉ. राहुल गौड, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. किरण बंसीवाल, डॉ. विभा श्रीवास्तव, डॉ. पूजा मिश्रा, डॉ. शहाना खान, डॉ. जुगराज जाटव, डॉ. आनंद कुमार यादव, डॉ. बी. एल. टांडेकर, लोकेश टोपिया, कल्पेश चौधरी, नरेंद्र दांगी एवं सुश्री क्रांति चौधरी सहित अन्य सभी सदस्यों का योगदान उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कल्पना पंचोली एवं डॉ. अभिषेक चौहान ने किया। डॉ. रूबी ताम्रकार ने सभी उपस्थितजनों का आभार प्रकट किया।

## विभाग ने किया दुकानों का निरीक्षण

# शुद्धता और मानकों का पालन कराने अमले ने की पड़ताल



**सिरोंज।** नापतोल विभाग द्वारा शहर में दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर नापतोल निरीक्षक निधि श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि निरीक्षणों का उद्देश्य दुकानों में उपयोग किए जाने वाले बाटों की शुद्धता और मानकों का पालन सुनिश्चित करना है, ताकि ग्राहकों को सही वजन और उचित मूल्य पर सामान मिल सके। नापतोल विभाग ने शहर के विभिन्न बाजारों में नमकीन और खान-पान की दुकानों, किराना स्टोर और जनरल स्टोर का निरीक्षण किया। इस दौरान 5 दुकानों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें तौल कांटा सत्यापित नहीं था या आवश्यक घोषणा अंकित नहीं थी। वहीं एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा ने बताया कि हमारा उद्देश्य त्योहारों में लोगों के साथ ठगी ना हो न ही खाने-पीने की चीज में स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो।

# थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज।** गुरूवार को थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव के नेतृत्व में दर्जनो व्यापारियो ने एसडीएम कार्यालय पहुचकर एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा। इस मौके पर थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव ने बताया कि व्यापारी वर्ग भाजपा का समर्थन हमेशा से करता आया हैं मुख्यमंत्री जी द्वारा व्यापारीयो के संबंध दिए गए वक्तव्य की वजह से व्यापारी अपने को ठगा महसूस कर रहा हैं। मुख्यमंत्री जी को कालर पकड़नी है तो केंद्र सरकार की पकड़े जिनकी नीतियों की वजह से आज किसानो के जिंसो की यह हालत हो गई है। मुख्यमंत्री के वक्तव्य की वजह से नीमच और खंडवा में किसानों और व्यापारियों में भारी विवाद की स्थिति बनी। व्यापारी स्वाभिमान के साथ,माल की गुणवत्ता के अनुसार और बाज़ार मूल्य के आधार पर ही व्यापार करेगे।

# विधायक उमाकांत शर्मा ने ली निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक



**सिरोंज।** विधायक उमाकांत शर्मा ने गुरुवार को सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, स्थानीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विधानसभा स्तर के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की। सिरोंज के पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित बैठक में विधायक शर्मा ने सिरोंज-लटेरी विधानसभा में मध्यप्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत होकर सभी शासकीय विभागों के निर्माण कार्यों सहित विभागीय कार्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। गुरुवार दोपहर को आयोजित बैठक में विधायक उमाकांत शर्मा ने विभाग-वार निर्माण कार्यों की गहनता से समीक्षा करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही एवं घटिया निर्माण की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की शिकायतें किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं हैं और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करना होगा, एवं लंबित कार्यों को भी शीघ्र करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को रखा और विधायक ने उन पर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए।

## शताब्दी वर्ष पर चितावर में पथ संचलन

# संघ सेवा व अनुशासन से राष्ट्रभक्ति का भाव जगाता हैः शिवराज सिंह



**सिरोंज।** संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में चितावर मंडल में बुधवार को भव्य पथ संचलन निकाला गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता जिला प्रचार प्रमुख शिवराज सिंह भावसार एवं खंड कार्यवाह हटेसिंह राजपूत द्वारा भारत माता की पूजन व शस्त्र पूजन से हुआ। एकल गीत और अमृत वचन के पश्चात बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता शिवराज सिंह ने विजयादशमी के पौराणिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है तथा शस्त्र पूजन की परंपरा सदियों पुरानी है। उन्होंने संघ की स्थापना की पृष्ठभूमि और उसकी सौ वर्ष की संघर्षमय यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संघ पर तीन बार प्रतिबंध लगाए गए, परंतु न्यायपालिका ने सभी आरोपों को निराधार मानते हुए संघ को आरोपमुक्त किया।

## मिलावटखोरों पर कलेक्टर का सख्त रुख

# शमशाबाद महानीम चौराह पर फूड विभाग ने की बड़ी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

त्योहारों के सीजन में मिलावटखोरों पर लगाम कसने के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता,एसडीएम अजय प्रताप सिंह के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन फूड विभाग की संयुक्त टीम ने शमशाबाद, महानीम चौराहा पर कार्रवाई की। टीम ने मावा और मिठाई के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं। निरीक्षण में नायब तहसीलदार डॉ. दर्शनलाल नेगी , फूड सेफ्टी ऑफिसर कुदैशिया खान शामिल रहीं। इस दौरान मावा बर्फी, मावा पेड़ा, लड्डू और मावा के सैंपल लिए गए। टीम ने मिठाई विक्रेताओं को चेतावनी दी कि मिलावटी मावा, नकली मिठाई या दूषित खाद्य सामग्री बेचने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। फूड सेफ्टी ऑफिसर कुदैशिया खान ने विक्रेताओं को निर्देश दिए कि वे खाद्य पदार्थों को अखबार में न परोसें, फूड कलर का सीमित उपयोग करें, प्रतिष्ठान में स्वच्छता बनाए रखें और केवल ताज़ी मिठाई व खाद्य सामग्री ही बेचें। सभी पैकेड पर खाद्य सामग्री की एक्सपायरी डेट अवश्य जांचें और प्रतिष्ठानों में व्यावसायिक गैस सिलेंडर का ही उपयोग करें।

निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार डॉ. नेगी अपने कोटवार दल के साथ मौजूद रहे कहा कि दीपावली के अवसर पर मिलावटखोरी करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। वहीं दुकानदारों ने दबी जुबान से कहा कि देशी मावा सिरोंज से मंगाते हैं वहीं सफेद मावा विदिशा, भोपाल से मंगाते है उसी की मिठाई बना रहे हैं अगर उसमें मिलावट होती है तो है क्या कर सकते हैं।

## रियल स्टेट में बूम, फार्महाउस की तरफ बढ़ा रुझान



**विदिशा।** दीपोत्सव को लेकर रियल स्टेट के क्षेत्र में बूम आ गया है। तिरुपति बालाजी रियल स्टेट के कारोबारी सुनील लोधी ने बताया कि अब मकान की जगह फार्महाउस की तरफ लोगों का रुझान बढ़ा है। पुष्य नक्षत्र के मौके पर सिंगलेक्स, डुप्लेक्स और प्लाट बुक हुए हैं। श्री लोधी ने बताया कि पहले लोग प्लाट खरीदकर खुद मकान बनाते थे। फिर बने मकान और बंगले खरीदने लगे। लेकिन अब लोगों का रुझान फार्महाउस लेने की तरफ है। ग्राहकों की डिमांड पर 5 हजार वर्गफीट के फार्महाउस तैयार बेचे जा रहे हैं। जिनमें 100-800 वर्गफीट में घर होता है। बांकी एरिया में पार्क आदि तैयार करके दिया जाता है।

## बिहार चुनाव के प्रचार में जुटे विदिशा के नेता



**विदिशा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज कटारे बिहार में बेगूसराय जिले के चेरिया बरियारपुर विधानसभा के प्रभारी के रूप में जोरदार प्रचार में जुटे।

# भाजपा का आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी अभियान आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत आज भाजपा जिला कार्यालय में विदिशा विधानसभा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का मुख्य विषय था आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी वस्तुओं की ग्रायहिता, लोकल से वोकल और जीएसटी सुधार बिल के लाभ।



कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ महापुरुषों और भारत माता के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करके विधायक मुकेश टंडन एवं मंचासीन अतिथियों ने किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष गण ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। विधायक मुकेश टंडन ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लोकल उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देना ही सच्चा राष्ट्र निर्माण है। प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्यामसुंदर शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे आत्मनिर्भर भारत का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अरुना माझी ने खाद्य पदार्थों पर जीएसटी दरों में कमी और इससे घरेलू खर्च में हुए लाभ के बारे जानकारी दी। सुरेंद्र रघुवंशी ने किसानों के लिए कृषि यंत्र, ट्रैक्टर और ऑटो पाट्र्स सहित टायर ट्यूब पर जीएसटी दरों में कमी का विवरण साझा किया। एडवोकेट अंशुज शर्मा ने आयकर और जीएसटी सुधारों के लाभ समझाए और बताया कि मोदी सरकार के सुधारों से मध्यम वर्ग को सीधे 7 लाख तक की आयकर छूट मिल रही है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने आत्मनिर्भर भारत का महत्व समझाते हुए युवाओं को संदेश देने पर जोर दिया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तोरण सिंह दांगी ने किसानों के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका लाभ सभी किसानों तक पहुंच रहा है।

# किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

किसानों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर की अध्यक्षता में भारतीय किसान संघ विदिशा की बैठक हुई।

यह प्रशासन और किसान संघ की पहली संयुक्त बैठक रही, जो लगभग दो घंटे तक चली। बैठक में कृषि, बिजली, जल संसाधन, सहकारी बैंक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में किसान संघ के जिला अध्यक्ष प्रशांत जैन ने जिले की प्रमुख समस्याओं को विस्तार से रखा। इनमें अतिवृष्टि से फसल नुकसान का सर्वे और मुआवजा न मिलना, बीमा क्लेम की विसंगतियां, नहरों की मरम्मत, 12 घंटे दिन में बिजली आपूर्ति, ई-टोकन उर्वरक वितरण प्रणाली की त्रुटियाँ, बीज सब्सिडी का विलंब, अतिक्रमण और बेसहारा मवेशियों की समस्या प्रमुख रहीं।

अपर कलेक्टर डामोर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए, यह सभी का नैतिक दायित्व है। बैठक में प्रांत मंत्री दिनेश बाबूजी दुबे, जिला प्रभारी राहुल धूत, जिला अध्यक्ष प्रशांत जैन, जिला मंत्री महेंद्र सिंह रघुवंशी, जिला मीडिया प्रभारी दीपक शर्मा सहित सभी तहसीलों के अध्यक्ष एवं मंत्री उपस्थित रहे। बैठक के अंत में किसान संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, जिसमें जिले की 11 तहसीलों की समस्याओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया।

## विधायक ने किया पोस्टर का विमोचन



**विदिशा।** शहर के लोग दीपावली पर शहर के व्यापारियों से ही खरीदी करें। लोगों में यह भावना जागृत करने के लिए वरिष्ठ व्यवसायिक घनश्याम बंसल द्वारा पोस्टर का प्रकाशन किया है। पोस्टर का विमोचन विधायक मुकेश टंडन द्वारा किया गया। विधायक ने कहा कि हमारी शॉपिंग बड़ी हो या छोटी इसका सर हमेशा बड़ा होता है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों से आग्रह करता हूं कि वह शहर के छोटे-बड़े व्यापारियों से खरीद कर उन्हें प्रोत्साहित करें।

# खेल-गतिविधियों के माध्यम से तनाव मुक्त जीवन का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

जनपद सभागार में मप्र जन अभियान परिषद एवं आनंदम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय अल्प विराम कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों में जन अभियान परिषद विदिशा की जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव, जनपद पंचायत ग्यारसपुर के सीईओ जितेंद्र जैन, मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर, थाना सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में शासन के विभिन्न विभाग जनपद पंचायत, तहसील, पुलिस, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग तथा सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। आनंदम प्रशिक्षक संजय श्रीवास्तव ने जीवन में तनाव प्रबंधन हेतु वर्क लाइफ बैलेंस पर प्रेरणादायी प्रशिक्षण दिया।

उन्होंने खेल तथा मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को कार्यस्थल के दबाव को कम करने और सकारात्मक ऊर्जा के साथ कार्य करने के उपाय सिखाए। जिला समन्वयक पूजा बंधैया ने कहा कि जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां आनंदम योजनाओं को ग्राम स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वहीं जनपद सीईओ जितेंद्र जैन ने ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रमों में अधिकाधिक सहभागिता का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में स्वदेश आचार्य ने आभार व्यक्त किया तथा प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि कल्याण सिंह लोधी, गोविंद दास बैरागी, रेखा वर्मा सहित आशा सहयोगिनी मौजूद रही।

# लटेरी बीएमओ पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लटेरी विकासखंड में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) डॉ. अभिषेक उपाध्याय के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) विदिशा को लिखित शिकायत सौंपी है। सीएचओ ने बीएमओ पर मनमानी, पद का दुरुपयोग, वेतन काटने और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि बीएमओ अभिषेक उपाध्याय संविदा पद पर कार्यरत हैं, बावजूद इसके उन्हें वित्तीय प्रभार सौंपा गया है, जो स्वास्थ्य आयुक्त के आदेशों का उल्लंघन है। सीएचओ ने बताया कि डेढ़ माह पूर्व भी इस संबंध में सामूहिक शिकायत दी गई थी, किंतु विभाग द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे यह प्रतीत होता है कि संबंधित अधिकारी को विभाग के उच्चाधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है।

## वेतन काटने और रिश्वत मांगने के आरोप

सीएचओ ने यह भी आरोप लगाया है कि बीएमओ कर्मचारियों का वेतन अपनी मनमर्जी से काटते हैं और अगले माह पूर्ण वेतन आहरण करने के बदले पैसों की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि यह कृत्य पूर्ण रूप से अन्यायपूर्ण एवं भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि अगस्त माह में सीएमएचओ द्वारा लटेरी सीएचसी का निरीक्षण किया गया था, उस दौरान बीएमओ अनुपस्थित पाए गए थे और वे भोपाल में निवास कर रहे थे। अगस्त माह में मात्र दस दिन उपस्थिति के बावजूद विभाग ने उनका पूर्ण वेतन स्वीकृत कर दिया। वहीं वे स्वयं सार्थक पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज नहीं करते, जबकि कर्मचारियों का वेतन सार्थक उपस्थिति के आधार पर काट लेते हैं। कार्रवाई न होने पर सीएचओ ने सामूहिक आंदोलन की चेतावनी दी है।

## खबर संक्षेप

### डेढ़ साल पहले नाबालिग को ले गया आरोपी धरा

**सलामतपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव से करीब डेढ़ साल पहले लापता हुई नाबालिग बालिका को पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस मामले में फरार चल रहे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी सुनील शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम सत्ती निवासी रवि सहरिया पिता मुन्नालाल सहरिया नाबालिग बालिका को अपने साथ लेकर फरार हो गया था। परिजनों की रिपोर्ट पर गुम इंसान का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव लौटा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। गुरुवार को आरोपी को रायसेन न्यायालय में पेश किया गया।

### आबकारी वृत ने की अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई

**दीवानगंज।** आबकारी विभाग की टीम ने मुखबिर से प्राप्त सूचनाओं एवं शिकायतों के आधार पर अवैध मदिरा के विरुद्ध चौपडा टपरा, आमखेडा, राजीवनगर एवं सलामतपुर में दविश देकर कच्ची एवं महुआ लाहन बरामद होने पर म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34- 1 के तहत कुल 05 प्रकरण कायम कर विवेचना में लिए गए। बनाये गए सभी प्रकरणों में लगभग 40 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जप्त एवं लगभग 700 किलो महुआ लाहन का सेंपल लेकर नष्ट किया गया। जप्त कुल मदिरा का अनुमानित मूल्य 78000/ - रूपये है।

### जेम पोर्टल के संबंध में जिला स्तरीय प्रशिक्षण

**रायसेन।** कलेक्ट्रेट में जेम पोर्टल के संबंध में आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण का भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह तथा कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। प्रशिक्षण के प्रारंभ में संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) सरकार के मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और संबद्ध लोगों के लिए वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए सार्वजनिक खरीद पोर्टल है। यह खरीदारों और विक्रेताओं दोनों के लिए पारदर्शिता, दक्षता और बचत जैसे कई लाभ प्रदान करता है। यह एक ऑनलाइन बाज़ार है जो सरकारी खरीद को सरल बनाता है। अधिकारी भण्डार क्रय नियमों का पालन करते हुए जेम पोर्टल पर सामग्री क्रय करें। प्रशिक्षण में जेम स्टेट टीम के प्रशिक्षण मुजम्मिल कुरैशी ने बताया कि जेम सरकारी खरीदार संगठनों और वस्तुओं और सेवाओं के आपूर्तिकर्ताओं के लिए एक केंद्रीकृत और एकीकृत सार्वजनिक खरीद मंच के रूप में कार्य करता है। उन्होंने जेम पोर्टल पर यूजर आईडी, ई-टेंडरिंग और ई-बोली आदि की प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। प्रशिक्षण में बताया गया कि जेम पर कई आपूर्ति कर्ताओं से कीमतों की तुलना कर सकते हैं और 50000 रुपए तक के लिए सीधे खरीदारी कर सकते है।

## जिला-पुलिस प्रशासन द्वारा मामले की जांच पड़ताल जारी, अभी भी दो लोग शक के दायरे में

# फर्जी पट्टे बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश तीन आरोपियों को पुलिस ने 'धरदबोचा'

### इधर जनचर्चा यह भी - मास्टर माइंड और दलालों द्वारा मिलजुलकर 876 फर्जी पट्टे बनाकर लोगों से की मोटी कमाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

थाना कोतवाली अंतर्गत फर्जी पट्टे बनाकर ठगने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। तीन आरोपियों को फिलहाल कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को इस फर्जीवाड़े में अभी दो लोगों पर और शक है। एक सीएससी सेंटर संचालक भी कारोबार बंद कर इंदौर भाग गया है। सीएम हेल्पलाईन पर फर्जी पट्टे बनाने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें आवेदकों से 15-20 हजार रूपए लेकर पट्टों की कॉपी दिए जाना शामिल था। बताया जाता है कि इन फर्जी जाली पट्टों के आधार पर आवासीय योजना अंतर्गत आवेदन करने के बारे में बताया गया।

एसपी अधीक्षक पंकज पाण्डे के निर्देशन एवं एएसपी कमलेश खरपुसे के मार्गदर्शन में शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए पुलिस, राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांच कार्यवाही शुरू की गई। टीम द्वारा जांच करने पर आवेदकों के कथन, फर्जी पट्टों के दस्तावेजों सील मुहर तथा तहसील कार्यालय रायसेन में पट्टों का कोई रिकार्ड नहीं मिलने पर उक्त शिकायतों में फर्जी पट्टे देने वाले आरोपियों की तलाश शुरू की गई। जब मामले की शिकायत कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को मिली तो उन्होंने तत्काल एसडीएम मनीष शर्मा, तहसीलदार भरत सिंह मांडले को फर्जी पट्टों के मामले में एक्शन लेते हुए टीम बनाई।

जांच टीम द्वारा दिए जांच प्रतिवेदन के आधार पर थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपी नोमान उर्फ फेसल खान, अमान खान, रामकृष्ण उर्फ रम्मू सेन के खिलाफ अपराध क्रमांक 570/25 धारा-318 (4), 340(2), 336(3), 338, 3(5) बीएनएस का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

इधर जनचर्चा यह भी है कि मास्टर माइंड और दलालों द्वारा मिलजुलकर 876 फर्जी पट्टे बनाकर बेचने और मोटी कमाई करने का मामला सामने आ रहा है।

**खास बातें**

- आरोपी अमान खान, नोमान खान एवं रामकृष्ण उर्फ रम्मू सेन गिरफ्तार
- आरोपीगण एक आवासीय पट्टे बनाने का लोगों से लेते थे करीब 10 से 15 हजार रुपए
- पुलिस जांच में जारी हुए पट्टों का तहसील कार्यालय में नहीं मिला कोई रिकॉर्ड
- रायसेन शहर में काफी दिनों से चल रहा था फर्जी पट्टे बनाने का यह गोरखधंधा



**पट्टा फर्जीवाड़ा में ये आरोपी गिरफ्तार**

*इस फर्जी पट्टों को जारी करने वाले मास्टर माइंड आरोपी रामकृष्ण उर्फ रम्मू सेन पिता नंदलाल सेन उम्र 45 वर्ष निवासी तिपट्टा बाजार वार्ड 5, दो सगे भाई एक सीएसी सेंटर के संचालक उम्र 30 वर्षीय नोमान उर्फ फैसल खान पिता नसीम खान निवासी इंडियन चौराहा वार्ड 3 रायसेन, 26 वर्षीय अमान खान पिता नसीम निवासी इंडियन चौराहा वार्ड 3 रायसेन शामिल हैं।*

### फर्जी पट्टे बनाने और बेचने का शहर में धड़ल्ले से चल रहा था कारोबार

*शहर में पीएम आवासों और बैंकों से इन फर्जी पट्टों के सहारे ऋण मंजूर कराने दलालों के जरिए गोरखधंधा लंबे समय से फलफूल रहा था।वहीं जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी बजाय कार्रवाई के आंखें मूंदे बैठे रहे।फर्जी पट्टों को राजस्व विभाग के अधिकारियों के नाम की जाली साइन सील मुहर के जरिए आवास योजना के लिए मोटी रकम लेकर इस ठगी करने वाले दलाल आसानी से पट्टे जारी कर मौज कर रहे थे।इस ठग गिरोह के लोगों ने जमकर कमाई भी कर ली है।इस फर्जीवाड़े के तार एक2दलाल और एक सीएससी सेंटर चलाने वाले के तार भी जुड़े हुए हैं। जो फरार होकर इंदौर में जा बसे हैं।कोतवाली पुलिस को उनकी भी धरपकड़ कर कड़ाई से पूछताछ करने की जरूरत है। इसके बाद इस फर्जी पट्टा कांड की परत दर परत खुलासा सामने आएगा। इसके तार एसडीएम, तहसील कार्यालय, कलेक्ट्रेट के एनआईसी के कर्मचारियों से जुड़े हो सकते हैं।क्योंकि यह राजस्व विभाग के दस्तावेज दलालों और मास्टर माइंड को उन्होंने उपलब्ध कराए होंगे। प्रशासन को इस मामले में कड़ाई से फोकस करने की जरूरत है।*

### ऐसे ही फर्जीवाड़े मामले का पहले भी हो चुका है खुलासा

फर्जीवाड़े दस्तावेजों के सहारे बैंक सर्च रिपोर्ट नकल और केसीसी किसानों के लिए बनाने के मामले का पुलिस ने भंडाफोड़ किया था। मालूम हो कि लगभग 10-12 साल पूर्व गंजबाजार की एक दुकान पर एक दलाल के द्वारा फर्जीवाड़े तरीके से किसानों के लिए केसीसी के लिए फर्जी सर्च रिपोर्ट, दस्तावेज सील मुहर हस्ताक्षर के कागजातों का जखीरा कोतवाली पुलिस द्वारा छापामार कार्रवाई तत्कालीन एसडीएम एलके खरे की मौजूदगी में की गई थी। दलाल को धोखाधड़ी के तहत केस दर्ज कर जेल भेजा गया था। यह मामला भी फर्जीवाड़े का इसी तरह का उजागर हुआ था।

**जप्त किए फर्जी आवासीय पट्टे**

उक्त तीनों आरोपियों के कब्जे से पुलिस अधिकारियों द्वारा फर्जी आवास पट्टे भी बरामद कर पंचनामा बनाया है। इस धरपकड़ की कार्यवाही में शामिल पुलिस टीम- में एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, उनि. शेरसिंह सुल्या, उनि. रोहित कुशवाह, उनि. श्रेया विश्वकर्मा, प्रआर सचिन, प्रआर, माखन सिंह, प्रआर, अशोक शर्मा, आर. शशांक, आर. संदीप जैन, आर. राहुल मीणा, आर जितेन्द्र शर्मा, आर. सचिन पवैया की सराहनीय भूमिका रही।

**मामले की जांच के बाद आई सच्चाई सामने**

एसडीएम मनीष शर्मा ने बताया कि कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के आदेश पर हमने मामले की बारीकी से जांच पड़ताल कराई तो पहले एक पट्टा फिर 10 और 50 और 100 फर्जी पट्टे की शिकायतें दफ्तर पहुंची। ठगी के शिकार हुए कुछ लोगों ने इस फर्जीवाड़े की शिकायत सीएम हेल्पलाइन तक पहुंचाई हैं।

## आदतन अपराधी हैं पकड़े गए दोनों चोर, पहले से ही दर्ज हैं कई मामले

### हाट बाजार में मोबाइल चुराते 2 चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ा



**सलामतपुर।** बेरखेड़ी चौराहे पर लगने वाले हाट बाजार में त्यौहार की वजह से काफी भीड़ भाड़ थी। इसी का फायदा उठाकर दो चोरों ने सामान खरीदने आए दो ग्रामीणों की जेब से दो मोबाइल चुरा लिए। लेकिन शायद चोरों की किस्मत खराब थी कि उनको चोरी करते हुए ग्रामीणों ने देख लिया और रंगे हाथों पकड़ लिया। ग्रामीणों ने तत्काल सलामतपुर पुलिस को सूचना दी और दोनों चोरों को उनके हवाले कर दिया।

पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों की पहचान पारदी गिरोह के विशेष उर्फ चक्की पारदी पिता विक्की पारदी उम्र 21 वर्ष निवासी कालापीपल अगरिया गांव थाना ईंटखेड़ी भोपाल और अबोध चौहान पारदी पिता सूरज सिंह पारदी उम्र 21 वर्ष निवासी कालापीपल अगरिया गांव थाना ईंटखेड़ी भोपाल के रूप में हुई। दोनों ही आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं। पुलिस ने फरियादी हरि सिंह पाल पिता पंचम सिंह पाल निवासी खोहा गांव की रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों से चोरी के दोनों मोबाइल ज़ब्त कर धारा 303(2) बीएनएस का मामला दर्ज किया है।

## नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा पेट्रोल पंप का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



नेशनल हाईवे किनारे ग्राम पग्नेश्वर में एचपी कंपनी का एक पेट्रोल पंप का निर्माण कार्य चल रहा है, जो नियम कायदों को ताक पर रखकर किया जा रहा है। हालांकि पंप मालिक ने परमिशन तो ली है, लेकिन परमिशन जिस हिसाब से ली है, उससे कहीं ज्यादा अधिक जब सैंया भये कोतवाल तो, डर काहे का की तर्ज पर हाइवे की सड़क से छेड़छाड़ करते हुए तहस-नहस कर दिया है। ग्रामीणों द्वारा इस अवैध निर्माण की शिकायत एनएचएआई के अधिकारियों से कर मामले की जांच पड़ताल कराए जाने की मांग की है।

प्रशासन के आला अफसर भी इस अवैध निर्माण की जांच कराना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। जिला प्रशासन के अधिकारी निर्माणाधीन पेट्रोल पंप को देखते हुए पगनेश्वर से गुजर रहे हैं, फिर भी जांच तो दूर की बात उचित कार्रवाई का साहस भी नहीं जुटा पा रहे हैं।

**इनका कहना है**

पेट्रोल पंप मालिक द्वारा निर्माण कार्य और एनएचएआई भोपाल से मंजूरी ली है।निर्माण कार्य अगर लीक से हटकर कराया जा रहा है तो मौके पर हम टीम भेजकर जांच करवा लेते हैं।

**- देव नुवाल,** एनएचएआई अधिकारी

### नाबालिग बालिका बरामद, भेजा सुधार केंद्र

**सिलवानी।** ग्राम जैथारी थाना सिलवानी के अंतर्गत एक नाबालिग बालिका के लापता होने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालिका को सकुशल बरामद कर लिया है। मामले की जानकारी देते हुए एसडीओपी अनिल मौर्य ने बताया कि उक्त बालिका 5 अक्टूबर 2024 को कहीं चली गई थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कर ली गई थी।

प्रकरण की विवेचना के दौरान लगातार प्रयास करते हुए पुलिस ने बालिका को दिनांक 23 सितंबर 2025 को बरामद कर लिया। बरामदगी के उपरांत, बालिका को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायालय में उसके कथन दर्ज कराए गए। बालिका को नियमानुसार मेडिकल जांच के लिए रायसेन एवं भोपाल भेजा गया, परंतु बालिका ने डॉक्टर के सामने मेडिकल जांच करवाने से इनकार कर दिया।

## खराब हुई फसल को लेकर किसानों ने कलेक्टर से जांच की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

तहसील के ग्राम देवरी मड़िया के दर्जनों किसानों ने रायसेन कलेक्टर से भेंट कर अपनी खराब हुई धान की फसल का निरीक्षण कराए जाने की गुहार लगाई। किसानों ने कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि कृषि वैज्ञानिकों की एक टीम गठित कर उनके खेतों में स्थल निरीक्षण कराया जाए, जिससे फसल की बर्बादी के पीछे का असली कारण सामने आ सके।

किसानों का कहना है कि उन्होंने इस वर्ष वायर कंपनी की हाइब्रिड धान की क्रांति 8433 किस्म का बीज खरीदा था, जो कि महेश्वरी ट्रेडर्स, सिलवानी से प्राप्त किया था। प्रारंभिक अवस्था में फसल की वृद्धि सामान्य रही, लेकिन कीटनाशक दवा डालने के बाद फसल की वृद्धि अचानक रुक गई। पौधों में बांझपन जैसे लक्षण दिखने लगे और अब स्थिति यह है कि लगभग 75 प्रतिशत फसल खराब हो चुकी है।

किसानों को आशंका है कि बीज में मिलावट या गुणवत्ता की कमी रही होगी, जिसके चलते फसल इस तरह बर्बाद हुई है। गांव के लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में फैली फसल प्रभावित हुई है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान की आशंका है।

**किसानों ने उठाई जांच और कार्रवाई की मांग**

*किसानों ने मांग की है कि कृषि विशेषज्ञों की एक टीम भेजी जाए, जो जांच कर यह सुनिश्चित करे कि फसल की बर्बादी किस कारण हुई है। बीज में मिलावट, कीटनाशकों का असर या अन्य कोई कारण। साथ ही दोषी पाए जाने वाले बीज या दवा विक्रेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र जांच नहीं की गई और नुकसान की भरपाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने पर विवश होंगे। ग्राम देवरी मड़िया के किसानों ने कहा कि उन्होंने बड़ी उम्मीदों से फसल बोई थी, लेकिन अब सारी मेहनत और लागत बर्बाद होती दिख रही है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल सहायता की मांग की है।*

## धनतेरस पर कुछ न कुछ खरीददारी करने की परंपरा

# इस वर्ष धनतेरस पर्व पर बन रहा धन और गजकेशरी योग का विशेष संयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले दिनों पुष्य नक्षत्र में खरीददारों की बाजारों में भीड़ बनी रही। जीएसटी कम होने से सबसे अधिक दो पहिया वाहनों और ट्रेक्टरों के साथ अन्य घरेलु उपयोगी सामग्री की जमकर खरीद बिक्री का माहौल बना रहा। अब दीपावली पूर्व धनतेरस 18 अक्टूबर को बाजार में धन बरसने की उम्मीद है। दुकानदारों में अच्छी ग्राहकी होने को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है।

दीपावली में खुशियों एवं रोशनी का त्योहार मनानें से पूर्व ही धन खर्च की शुरू हो जाती है। घरों, दुकानों की साफ सफाई, रंग रोगन और मजदूरी में भारी रकम खर्च होती है। फिर घरों, दुकानों, वाहनों को सजाने दीपावली पर मिठाईयां, उपहार सामग्री खरीदनें और घर परिवार और बच्चों की खुशियों के लिए कुछ न कुछ नई सामग्री सोने, चांदी के जेवर, वाहन, मकान, प्लाट, पीतल, ताम्बे, स्टील के बर्तन, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स घरेलु सामग्री टीवी, फ्रिज की खरीदारी में धन खर्च होना स्वभाविक है। खरीदारी जरूर करें परंतु अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार किए जाने के साथ उपयोगी और जरूरी वस्तुओं पर किया गया खर्च उत्तम रहता है।



**धन एवं गजकेशरी योग**

इस धनतेरस पर धन और गजकेशरी योग का संयोग 18 अक्टूबर को पड रहा है। व्यापार, निवेश और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी रहेगा। शुभ मुहूर्त में सोने-चांदी के गहने, सिक्के, बर्तन, लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों, यंत्र, झाड़ू, दीपक सहित घरेलु उपयोगी सामग्री की खरीददारी आर्थिक स्थिरता सुख शांति का कारण बनेगी। स्थिर लग्न में धनतेरस की पूजन भी जरूरी है।

## पटाका दुकानें महंगी मिलीं तो पटाकों के भी बढ़ गए दाम

# दशहरा हॉकी मैदान पर सज गया पटाखा बाजार

◆ पटाखों की दुकानें लगने के साथ बिक्री भी शुरू, लेकिन दुकानों की जगह की राशि बढ़ने से पटाखों के दामों पर दिख रहा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले दिनों तहसील सभाकक्ष में पटाखा बैंचने वाले दुकानदारों द्वारा दशहरा हॉकी मैदान में दुकानें लगाने नीलामी में भाग लिया गया। पिछले वर्ष से अधिक 68 दुकानों की नीलामी में राजस्व विभाग को 10 लाख 39 हजार 650 रुपए राजस्व की आय हुई जो पिछले वर्षो की तुलना में दो गुना से अधिक राशि है। बढ़ी हुई राशि का सीधा असर पटाखों के भाव बढ़ने के रूप में आम आदमी पर आ रहा है।

हॉकी दशहरा मैदान पर पिछले 3-4 दिनों से अस्थाई दुकानों का निर्माण हो रहा था।

दीपावली पूर्व का गुरूवार को हाट बाजार अति महत्वपूर्ण था जो कि हजारों ग्रामीण हाट बाजार में सामग्री खरीदने आते है। सुबह से पटाखों की दुकानें लगने के साथ खरीद बिक्री भी शुरू हो गई। जिस प्रकार दुकानों की जगह के लिए राशि बढ़ी उसका असर पटाखों के दामों पर साफ दिखलाई देने लगा। पटाखों की कीमतों में एक दम उछाल आ गया। पिछले वर्ष की तुलना में पटाखों की कीमत लगभग दो गुना तक बताई जाने लगी है।




**पिछले वर्ष से दो गुना राशि**

हॉकी मैदान पर आतिशबाजी की दुकानें लगाने 2024 में राजस्व विभाग को नीलामी से 5 लाख 44 हजार की आय हुई थी। जो 2025 में बढ़ कर 10 लाख 39 हजार 650 हो गई। पहले लायसेंसी दुकानदारों की संख्या 56 थी, जो बढ़ कर अब 68 हो गई है। पटाखें की दुकानें लगाने और फुटकर पटाखें बैंचने दुकानदारों में भारी उत्साह और नीलामी के दौरान स्पर्धा बनी रही। सबसे कम 6250 मे एक दुकान आर सबसे अधिक 28 हजार में भी पटाखा दुकान के लिए स्थान की नीलामी हुई।

हॉकी दशहरा मैदान में दो लाइनों में पटाखों की दुकानें लगती है। स्थान के महत्व को देखते हुए दुकानदारों द्वारा बोली लगाई जाती है। राजस्व विभाग को तो 10 लाख रुपए से अधिक राजस्व की आय हो गई, परंतु इसका भार पटाखें खरीदनें, दीपावली पर्व पर आतिशबाजी कर खुशियां मनानें वाले आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है। पटाखों के दामों में हुई वृद्धि को इसी रूप में देखा जा रहा है।

# भावांतर योजना का लाभ लेने किसान पंजीयन जरूर कराएं : संभागायुक्त

### भोपाल संभागायुक्त ने गैरतगंज में किसानों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

गुरूवार को भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह द्वारा जिले के गैरतगंज स्थित कृषि उपज मंडी में किसानों के साथ भावांतर योजना के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि किसानों को उनकी सोयाबीन फसल का न्यूतनम समर्थन मूल्य देने के लिए भावांतर योजना को प्राथमिकता के साथ लागू की गई है।

शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र किसान इससे वंचित न रहे। इसके लिए पंजीयन कराना जरूरी है। इस दौरान कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने अवगत कराया कि जिले में अभी तक भावांतर योजना के तहत 7200 से अधिक किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है तथा रकबा 20202 हैक्टेयर है।




इस मौके पर किसानों द्वारा ट्रालियों के पीछे रेडियम की पट्टी भी लगाई गई। उन्होंने सभी किसानों से आव्हान किया कि वह अपने ट्रेक्टर-ट्रालियों के पीछे रेडियम की पट्टी जरूर लगाएं, जिससे कि रात्रि में दुर्घटना की संभावना ना रहें।

इस अवसर पर कृषि अधिकारी तथा कृषि वैज्ञानिक ने किसानों से कहा कि जिन किसानों ने अभी तक भावांतर योजना में पंजीयन नहीं कराया है वह 17 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से पंजीयन करा लें।